देश को आज़ादी दिलाने में विद्वानों, पत्र–पत्रिकाओं (साहित्य), शिक्षकों समाज सुधारकों और स्वतन्त्रता सेनानियों का विशेष योगदान रहा हैं. इसी सन्दर्भ में अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 9 अगस्त से 23 अगस्त, 2016 तक "स्वतन्त्रता पखवाड़ा" मनाया जा रहा है. दिनांक 13 अगस्त, 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय के सभागार में पुस्तक प्रदर्शनी, "लोक साहित्य का जीवन पर प्रभाव" इस विषय पर अतिथि व्याख्यान तथा प्राध्यापकों के लिए "प्रेरणात्मक" व्याख्यान का आयोजन किया गया.

यह पुस्तकालय प्रदर्शनी पुस्तकालय की नींव रखने वाले "श्री रघुनाथन" की स्मृति में प्रदर्शित हुई.

समस्त विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन करके भारत के अनेक स्वतन्त्रता सेनानियों के अमर बलिदानों के बारे में जाना और उन्हें याद किया. "लोक साहित्य का जीवन पर प्रभाव" इस विषय पर अतिथि व्याख्यान के रुप में श्री किशोर कुमार कौशल सुप्रसिद्ध साहित्यकार हरियाणा उपस्थित थे. उन्होंने लोक साहित्य के अनेकानेक उदाहरण देते हुए और जीवन से संबंध जोडते हुए, उनका मानव जीवन में प्रवाभ बताया. अग्रवाल महाविद्यालय प्रचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने आगन्तुक अतिथि का स्वागत करते हुए "भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में साहित्य का योगदान" विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि भारतीय साहित्य अत्यंत समृद्ध है और इसके साहित्यकारों ने समय–समय पर देशभक्ति के लिए समाज को उद्बोधन दिए. जिससे समाज में क्रान्ति की लहर दौड़ गई और देश के लिए स्वतन्त्रता आन्दोलन में कुर्बानियां दी गई.

स्वतंत्र भारत के नवनिर्माण में युवाओं को भारतीय संस्कृति इत्यादि से रु–ब–रु कराने में प्राध्यापकों की एक विशेष भूमिका होती है. किसी भी देश का युवा उस देश की शक्ति होती

है. इसी उद्देश्य को ध्यान रखते हुए महाविद्यालय में समस्त प्राध्याकों के लिए एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया. यह व्याख्यान प्रो0 (डॉ0) लाजपत राय सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक द्वारा दिया गया. व्याख्यान ने समस्त प्राध्यापकों को अनेकों ऐसे गुर बताए जिनके माध्यम से वे विद्यार्थियों को और भी अच्छे ढंग से समझ सके तथा शिक्षित कर सकें.

हिन्दी विभागाध्यया श्रीमती किरण आनन्द के कुशल मार्गदर्शन में ये व्याख्यान हुए. डॉ0 रेणु माहेश्वरी, श्रीमती मंजू गुप्ता एवं डॉ0 बाँके बिहारी ने सहयोग दिया.

पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ0 रामचन्द्र एवं उनके सहायकों के सहयोग से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया.

इस सुअवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता कमल टंडन, डॉ0 के.एल. कौशिक, डॉ0 नरेश कामरा, डॉ0 मनोज शुक्ला, डॉ0 शिल्पा गोयल, डॉ0 प्रवीण गुप्ता और डॉ0 सचिन गर्ग आदि उपस्थित थे.